<u>ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल</u>

विषय - हिंदी　　　　कक्षा - सात　अभ्यास पत्र　　　जुलाई (2024-2025)

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सदाचारी व्यक्ति अपने काम से बड़े बनते हैं। दुराचारी व्यक्ति दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके बड़प्पन बटोरना चाहते हैं लेकिन एक न एक दिन उनकी कलई खुल जाती है। उनके अनुचित कार्य उनको कहीं का नहीं छोड़ते। इतना होने पर भी वे बेशर्म होकर अच्छे लोगों की बुराई करने में अपना समय बर्बाद करते रहते हैं। किसी की प्रशंसा सुनना उनके कानों को अच्छा नहीं लगता। इतने ही परिश्रम से यदि वे अच्छे कार्य करें, तो वे भी अच्छे आदमी बन सकते हैं, सम्मान पा सकते हैं परन्तु वे अपनी आदत से मजबूर हैं, उनके मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है। सदाचारी व्यक्ति अच्छे काम करके चैन की नींद सोता है और सुखी रहता है। दुराचारी व्यक्ति बुरे काम करके अपना सुख-चैन नष्ट करता है, अपने मन को बीमार करता है। मन की बीमारी कुछ दिनों में शरीर की भी बीमारी बन जाती है।

क) दुराचारी व्यक्ति किस प्रकार बड़प्पन बटोरना चाहते हैं?
ख) सदाचारी व्यक्ति कैसे बड़े बनते हैं?
ग) दुराचारी व्यक्तियों के अनुचित कार्यों का क्या परिणाम होता है?
घ) दुराचारी व्यक्ति किसमें अपना समय बर्बाद करते हैं?

प्रश्न 2. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए।
पुजारी, हंस, महोदय, भाग्यवान

ख) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए।
घाटी, कलम, दीवार, शक्ति

ग) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित कारक का भेद पहचान कर लिखिए।

i) माली ने पौधों को पानी दिया।

ii) बालक ने मिठाई खाई।

iii) तुम्हारी किताब टेबल पर है।

घ) दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।
काठ का उल्लू होना, दो-दो हाथ होना

ड) निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग और मूल शब्द अलग-अलग कीजिए।

दुर्बल, अनुशासन

च) निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय और मूल शब्द अलग-अलग कीजिए।

निर्दयी, लेखन, लिखावट

प्रश्न 3. निम्न प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में दीजिए।

क) कठपुतली को गुस्सा क्यों आया ?

ख) पेड़ ने खंभे को कैसे बचाया ?

ग) मिठाईवाले के मन की व्यथा क्या थी?

प्रश्न 4. ‘स्वच्छता’ विषय पर लगभग 25 से 30 शब्दों में एक नारा लिखिए ।

प्रश्न 5. अपने भाई के विवाह में शामिल होने के लिए चार दिन का अवकाश देने का अनुरोध करते हुए प्रधानाचार्या को पत्र लिखिए।